# ग्रीस सरकार व आर्मेनिया ने यूपी सहित पूरे भारत में निवेश में दिखाई रुचि

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने ग्रीस के एथेंस में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा प्रदर्शनी मंगलवार से शुरु हुई, जिसमें मुख्य सचिव और ग्रीस में राजदूत रुद्रेंद्र टंडन ने इंडिया पैवेलियन का उद्‌घाटन किया। प्रदर्शनी के दौरान मुख्य सचिव ने ग्रीस सरकार और आर्मेनिया सरकार के प्रतिनिधियों के साथ कई सम्मेलनों की अध्यक्षता की। दोनों देशों ने भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर भारत में निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई है, जिसमें भागीदारी और विकास के संभावित अवसरों पर प्रकाश डाला गया है। आठ मई तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 35 देशों ने हिस्सा लिया है। इसमें अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकी को प्रदर्शित करने वाले कई सम्मेलन और विभिन्न स्टॉल का दौरा शामिल है। ब्यूरो